मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–10, दिसम्बर 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

# शिमला में पंजाब के डीलर्स का सम्मेलन




पंजाब में अपनी पकड़ मज़बूत करने के उद्देश्य से कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 12 दिसम्बर, 2011 को शिमला के होटल कामवरमेयर में पंजाब के डीलर्स के लिए सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल सहित लाइसेंसिंग एग्रीमेंट के तहत् पंजाब में कामधेनु टी.एम.टी. के अधिकृत निर्माता आर. के. इन्डस्ट्रीज के निदेशकगण श्री रमेश गोयल, वर्धमान आदर्श इस्पात प्रा॰ लिमिटेड के निदेशक श्री अश्वनी जी और सुरेन्द्र गर्ग और बंसल इस्पात उद्योग के निदेशक श्री विजय बंसल की गरिमापूर्ण उपस्थिति में संपन्न हुआ। कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री प्रदीप गर्ग, श्री आनंद मित्तल और श्री दिनेश राठी ने भी इस विशाल आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात के महाप्रबंधक श्री विनोद गहलौत, और एजीएम श्री विवेक माहेश्वरी की उपस्थिति में पंजाब के 250 से अधिक महत्वपूर्ण डीलर्स ने इस मीटिंग में शिरकत की।

कंपनी की मार्केटिंग योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल, ने कहा, "पंजाब हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार हैं। यह प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में सम्मिलित है और अपने विकास की गति को आसानी से पिछले कुछ वर्षों से कायम रखे हुए है। इस राज्य में तेजी से हो रहे विकास को देखते हुए हमारे लिए यहां निर्माण के क्षेत्र में व्यापक संभावनायें हैं। जैसा की आप सभी जानते हैं कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश के उन चुनिंदा कंपनियों में से एक है जो 500D और Fe.500 जैसे अत्याधुनिक टी.एम.टी. के उत्पादन करने की क्षमता रखती है। हम अपने अधिकृत लाइसेंस धारक सहयोगियों की मदद से इस राज्य में उच्चस्तरीय स्टील का उत्पादन कर रहे हैं इसके बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा करने की आशा करते है।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की विक्रय नीतियों की जानकारी देते हुए श्री विनोद गहलौत ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सबसे महत्वपूर्ण बात है इसके उत्पादों की शीर्ष गुणवत्ता। हम अपने उत्पादों की उच्च गुणवत्ता को बरकरार रखने हेतु सदैव प्रयासरत रहते हैं। यह एक महत्वपुर्ण कारण है जिससे कि ग्राहक कामधेनु ब्राण्ड पर विश्वास करते हैं। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि कंपनी अपने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने हेतु अपने स्तर पर बेहतरीन प्रयास करेगी और आपको सभी आवश्यक सहयोग व सुविधाएं प्रदान करेगी। हम आशा करते हैं कि हम अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन देश के विभिन्न भागों में नियमित अंतराल पर करती रहती है ताकि अपने नेटवर्क पार्टनरों को लक्ष्यों के बारे में जानकारी रहे और उन्हे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ अधिकारीगणों का मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे।



# प्रधानमंत्री ने किया रूस का दौरा



प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने समारिक रिश्तों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण तीन दिवसीय रूस दौरा किया। उन्होंने इस यात्रा के दौरान भारत–रूस द्विपक्षीय सहयोग को व्यापक बनाने और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर बेहतर समन्वय के लिए बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने माना कि एक दूसरे के लिए दोनों देशों में शानदार सद्भावना है। उन्होंने कहा, 'मैं इससे सहमत हूँ कि भारत–रूस के बीच आज सहयोग की इतनी ज्यादा जरूरत है जितनी की पहले कभी नहीं थी। रूस के साथ हमारा रिश्ता द्विपक्षीय विश्वास, मित्रता और साझा हितों पर आधारित है।' 12वीं भारत–रूस वार्षिक शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए मास्को रवाना होने से पहले दिए बयान में सिंह ने कहा, ' दोनों देश महत्वपूर्ण आपसी फायदे को स्वीकार करते हैं जो हमारे मिलकर काम करने से होता है। मैं अपनी यात्रा का इस्तेमाल हमारे द्विपक्षीय सहयोग को व्यापक बनाने और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर और ज्यादा ठोस समन्वय बढ़ाने के लिए करूंगा। यह हमारे राष्ट्रीय और साथ ही साथ वैश्विक शांति और समृद्धि के हित में है।' प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने माना कि इस वर्ष भारत–रूस वार्षिक शिखर बैठक जटिल अंतराष्ट्रीय माहौल के बीच में हो रही है।

## सिर्फ ढाई हजार रुपये में आपका होगा 'आकाश'



दुनिया के सबसे सस्ते टेबलेट आकाश का इंतजार खत्म हुआ। इसका उत्पादन करने वाली कनाडा की कंपनी डॉटाविंड ने ऑनलाइन बिक्री के लिए 30 हजार टेबलेट उपलब्ध कराए हैं। हालांकि अभी जो मॉडल पेश किया गया है वह सिर्फ वाई–फाई पर चलता है। छात्रों के लिए बनाया गए आकाश के वर्जन की कीमत 2,500 रुपये है और बुकिंग के सात दिनों के भीतर यह आपको मिल जाएगा। इसका भुगतान टेबलेट मिलने के बाद करना होगा। डॉटाविंड के सीईओ सुनीत सिंह टुली ने बताया कि यह टेबलेट पूरी तरह भारत में बना हुआ है और इसका उन्नत वर्जन जनवरी 2012 में आ जाएगा। इसे यूबीस्लेट नाम दिया गया है और इसकी कीमत 2,999 रुपये होगी। इसकी एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है।

## दिसम्बर के अंत तक रूसी परमाणु पनडुब्बी मिल जाएगी भारत को



रूस ने कहा है कि वह भारत को अकुला–2 श्रेणी की 'नेरपा' परमाणु पनडुब्बी दिसम्बर के अंत तक दे देगा। परमाणु हमले में सक्षम यह पनडुब्बी 10 वर्ष के लीज पर भारत को दी जाएगी। इस पनडुब्बी के भारतीय नौ सेना में शामिल होने से उसकी क्षमता बेहद बढ़ जाएगी। आईएनएस चक्र के नाम से भारतीय नौ सेना में शामिल होने वाली यह पनडुब्बी महीनों तक पानी के अंदर रह सकती है। दो दशक में पहली बार नौ सेना में परमाणु हमला करने में सक्षम कोई पनडुब्बी शामिल होगी। अकुला–2 श्रेणी की पनडुब्बी में 28 परमाणु क्षमता वाली क्रूज मिसाइलें लगी होती हैं और यह 3000 किमी तक मार कर सकती हैं। हालांकि भारत को जो पनडुब्बी दी जा रही है उसकी मारक क्षमता 300 किमी तक बताई जा रही है। रूसी सूत्रों के अनुसार भारत को नेरपा पनडुब्बी 90 करोड़ डॉलर के सौदे तहत मिल रही है। भारत ने अमुर शिपयार्ड में नेरपा परमाणु पनडुब्बी परियोजना को प्रायोजित किया था।

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने किया अपने डीलर्स के लिए कुछ सुकून भरे पलों का आयोजन



देश भर में फैले अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रयासों के चलते ही कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रोडक्ट आज ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। कंपनी भी उन्हें बेहतर प्रयासों के लिए उत्साहित रखने हेतु अनेकों स्कीमें चलाती रहती है। इसी प्रकार की एक स्कीम कंपनी द्वारा पिछले वर्ष शुरू की गई थी जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गाज़ियाबाद क्षेत्र के डीलर्स को पुरस्कृत करने हेतु कंपनी ने 8–9 दिसम्बर, 2011 को जिम कॉर्बेट के वुड कैसल रिसॉर्ट और 10–11 दिसम्बर, 2011 को मनु महारानी, नैनीताल में डीलर सम्मेलनों का आयोजन किया। कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मामन चन्द गोयल, श्री डी.पी. खेड़ा, श्री संजीव डेंग, श्री राजन दुआ और श्री संजय मित्तल भी इन सम्मेलनों में उपस्थित थे। इन कार्यक्रमों में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की भविष्य की नीतियों पर चर्चा करने हेतु निदेशक श्री सचिन अग्रवाल सहित सीनियर जी.एम. श्री राजीव शर्मा और श्री विकास मोहन, श्री पंकज आजाद व श्री राहुल भामा ने भाग लिया।

डीलर्स को सम्बोधित करते हुए श्री सचिन अग्रवाल का कहना था, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड की उन्नति में हमारे डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का महत्वपूर्ण योगदान है। आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमें आपका इसी प्रकार समर्थन मिलता रहेगा।"

इन सम्मेलनों का दूसरा मुख्य उद्देश्य डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सुकुन भरे कुछ पल मुहैया कराकर रोजमर्रा की जिंदगी की थकान से मुक्ति दिलाने में मदद करना था। इस यात्रा के बारे में अधिक जानकारी देते हुए श्री राजीव शर्मा ने कहा, "नए प्रयोग करने की अपनी क्षमता के कारण कामधेनु का एक ब्रांड के रुप में सदैव नाम रहा है और यह यात्रा उसका एक और उदाहरण है। कंपनी इस बात को भली–भांति समझती है कि जो सफलता आज हमने हासिल की है वह सामूहिक प्रयासों का नतीजा है।"

# बिहार में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का डीलर सम्मेलन

बिहार में तेज गति से हो रहे विकास को देखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 20 नवंबर, 2011 को छपरा, सिवान और गोपालगंज में अपने स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्स आनंद स्टील के श्री रंजीत सरोगी के सहयोग से एक डीलर सम्मेलन का आयोजन किया। इस मीटिंग में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का प्रतिनिधित्व जी.एम., श्री वाई.आर. पंडिता ने किया। बिहार में कामधेनु ब्रांड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस यूज़र दादीजी स्टील लिमिटेड से श्री अखिलेश कुमार सिंह, मार्केटिंग मैनेजर और श्री मुकुंद सहाय, असिस्टेन्ट मार्केटिंग मैनेजर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

डीलरों को कंपनी की योजनाओं से अवगत कराते हुए श्री वाई.आर. पंडिता ने कहा, "बिहार में कामधेनु ब्रांड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस प्रयोगकर्ता दादीजी स्टील लिमिटेड के सहयोग से वर्तमान में हम यहां तथा समीपवर्ती राज्यों में अपने उत्पादों की उपलब्धता में तेजी से वृद्धि कर रहे हैं।"

कंपनी की विक्रय नीतियों की सराहना करते हुए श्री रंजीत सरोगी ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ काम




करना हमारे लिए एक सम्मान की बात है। देश भर के ग्राहकों का ब्रांड 'कामधेनु' पर मज़बूत विश्वास है। साथ ही, कंपनी से हमें जिस प्रकार का सहयोग मिलता है वह वास्तव में सराहनीय है।" इस अवसर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी सम्मानित किया गया।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री गौरव अग्रवाल
**मैसर्स माँ श्री घन्टेश्वरी इन्डस्ट्रीज**
ओ. सी. एल. अपरोच रोड,
नियर लाल कम्पनी, राजगंगापुर, उड़ीसा
मो. : 09776785866

श्री चेतन कुकरेजा
**मैसर्स तारा चन्द्र कुकरेजा एण्ड सन्स**
668, भोगल रोड
भोगल, नई दिल्ली– 110015
मो. : 9810140310

श्री भगवान दास
**मैसर्स मुकन्दी लाल एण्ड कम्पनी**
तापा मन्डी
जिला– बरनाला
मो. : 9463278855

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु स्ट्रक्चरल स्टील– एक विश्वास भारत को मज़बूत बनाने का




कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज अपने अनेकों उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ ग्राहकों के दिलों में बस चुका एक खास नाम और देश की अग्रणी कंपनियों में से एक है। इसी कड़ी में कंपनी अपने स्ट्रक्चरल स्टील उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करती है। सामान्य शब्दों में स्ट्रक्चरल स्टील वह होती है जिसका प्रयोग भवन और मशीनों इत्यादि के निर्माण में किया जाता है। ये विभिन्न प्रकार के स्नूपर्स जैसे आई–बीम, एंगल, चैनल इत्यादि लम्बे स्टील उत्पाद होते हैं जिनका प्रयोग सुरंगों, फैक्ट्रियों, ट्रांसमिशन टावरों, पुलों, रेलवे, पावर प्लांटों, पेट्रो–कैमिकल्स प्रोजेक्ट्स, औद्योगिक परिसरों, रिफाइनरियों तथा अन्य प्रकार के निर्माण प्रोजेक्ट्स में किया जाता है। फ्लैट, राउण्ड बार्स, स्क्वायर बार्स, इक्वल एंगल, अन–इक्वल एंगल, स्ट्रक्चरल चैनल, यूनीवर्सल बीम्स जैसे उत्पाद इस श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की लाइसेंस यूज़र एग्रीमेंट के अन्तर्गत 6 उत्पादन इकाईयां हैं जो पंजाब, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक में स्थित हैं। हमारी सभी उत्पादन इकाईयां अत्याधुनिक तकनीक से लैस निरन्तर स्वचलित हैं। निरन्तर उत्पादन प्रक्रिया अधिक उत्पादकता और एक समान गुणवत्ता सुनिश्चित करती है। रोलिंग प्रक्रिया को इस प्रकार योजनाबद्ध किया जाता है जिससे तैयार उत्पादों की लचीलेपन, इम्पैक्ट/शॉक रेसिसटेन्स, मज़बूती और अन्य तकनीकी खूबियों में वृद्धि होती है।

बी.आई.एस. लाइसेंस धारक होने के कारण कामधेनु इस्पात लिमिटेड गुणवत्ता के सभी मानकों का पालन करता है। निर्माण के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता जाँच की प्रक्रिया उत्पादों की मज़बूती और स्थायित्व सुनिश्चित करते हैं।

कंपनी देश भर में विस्तृत अपने डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों के विशाल नेटवर्क के दम पर समूचे देश में अपने उत्पाद उपलब्ध कराती है। देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित कंपनी के डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर इसके उत्पादों की शीघ्र और किफायती उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। कंपनी नए डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों की नियुक्ति करके अपने वितरण नेटवर्क को सुदृढ बना रही है। कंपनी की आय का एक बड़ा हिस्सा स्ट्रक्चरल स्टील से आता है इसलिए कंपनी भी इन उत्पादों की मार्केटिंग के लिए प्रभावशाली नीतियां अपनाती है।

विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थएं अपने प्रोजेक्टों के निर्माण के लिए कंपनी के उत्पादों पर यकीन करती हैं। कामधेनु स्ट्रक्चरल स्टील उत्पाद देश में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं में प्रयोग किये जा रहे हैं। अपने इन उत्पादों की सहायता से कंपनी देश में विश्वस्तरीय संरचना, अतः देश के विकास में योगदान दे रही है।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com